# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 288 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 24 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## गहलोत-पायलट की एकजुटता पर राठौड़ का तंज, बोले फोटो से साबित करनी पड़ रही है साथ की बात ‘

### बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने कांग्रेस नेताओं के रिश्तों पर उठाए सवाल, राहुल गांधी के बयान को लेकर भी कसा निशाना

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान की सियासत में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं अशोक गहलोत और सचिन पायलट की एकजुटता पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि दोनों नेताओं के बीच मतभेद जगजाहिर हैं और साथ होने की बातें केवल दिखावा भर हैं। गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान राठौड़ ने कहा कि अगर किसी को यह साबित करने के लिए फोटो खिंचवानी पड़े कि वे साथ हैं, तो यह अपने आप में उनके रिश्तों की सच्चाई बयान करता है।

उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से चला आ रहा टकराव अब भी खत्म नहीं हुआ है। राठौड़ ने पुराने विवादों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे बयान, जिनमें एक-दूसरे के लिए कड़े शब्द इस्तेमाल किए गए थे, उन्हें भुलाना आसान नहीं होता। उन्होंने आरोप लगाया कि यह राजनीतिक समीकरण मजबूरी में बनाए गए दिखते हैं, न कि स्वाभाविक एकजुटता का परिणाम।

दरअसल, हाल ही में नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आयोजित एक बैठक के दौरान गहलोत और पायलट साथ नजर आए थे। इस



मौके पर दोनों नेताओं ने हल्के-फुल्के अंदाज में मीडिया के सामने बातचीत भी की, जिसे लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राठौड़ ने कहा कि तस्वीरें खिंचवाकर एकजुटता दिखाने की जरूरत तभी पड़ती है, जब अंदरूनी मतभेद गहरे हों। उन्होंने यह भी कहा कि जनता सब समझती है और केवल दिखावे से सच्चाई नहीं छिपाई जा सकती।

इसके अलावा, राठौड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया बयान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर अब यह कहा जा रहा है कि पिछड़े, दलित और आदिवासी वर्गों के मुद्दों पर पहली बार बात हो रही है, तो इससे यह संकेत मिलता है कि पहले इन वर्गों को केवल वोट बैंक के रूप में देखा जाता रहा।

## राज्य कर्मचारियों की बल्ले बल्ले DA बढ़कर 60 प्रतिशत हुआ

### 12 लाख 46 हजार कार्मिक एवं पेंशनर्स होंगे लाभान्वित




**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

**डॉ. चेतन ठठेरा**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर गुरुवार को राज्य में महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत में 2 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी प्रदान की गई है। इससे राज्य कार्मिकों एवं पेंशनर्स को महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि देय होगी।

अब प्रदेश में सातवें वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को 1 जनवरी 2026 से 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता अथवा मंहगाई राहत देय होगी। इस निर्णय से लगभग 7.02 लाख कार्मिक एवं 5.44 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे। पंचायत समिति तथा जिला परिषद के कर्मचारियों को भी इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा।

कर्मचारियों को आगामी जून में देय मई 2026 के वेतन से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का नकद भुगतान किया जाएगा तथा दिनांक 01 जनवरी से 30 अप्रेल 2026 तक चार माह की राशि संबंधित कर्मचारियों के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा की जाएगी। पेंशनरों को 01 जनवरी, 2026 से महंगाई राहत का नकद भुगतान किया जायेगा। कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में लिए गए इस संवेदनशील निर्णय से राज्य सरकार पर लगभग 1156 करोड़ रुपये का वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

## भीषण गर्मी को लेकर सरकार अलर्ट, हीटवेव से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

### बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का रखें विशेष ध्यान, दोपहर में बाहर निकलने से बचने की सलाह

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**


प्रदेश में लगातार बढ़ते तापमान और आगामी हीटवेव (लू-ताप) की आशंका को देखते हुए राज्य सरकार ने आमजन की सुरक्षा के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे दिशा-निर्देशों का पालन कर खुद और अपने परिवार को लू के दुष्प्रभाव से सुरक्षित रखें।

उप शासन सचिव शैफाली कुशवाहा ने बताया कि हीटवेव के प्रभावी प्रबंधन और बचाव के लिए ‘क्या करें और क्या न करें’ संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बीमार व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

एडवाइजरी के अनुसार आमजन को दिनभर पर्याप्त पानी पीने, ओआरएस, लस्सी, नींबू पानी और छाछ जैसे पेय पदार्थों को आहार में शामिल करने की सलाह दी गई है। धूप में निकलते समय हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनने, सिर को ढकने और आंखों की सुरक्षा के लिए धूप के चश्मे का उपयोग करने की बात कही गई है।

सरकार ने दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सख्त सलाह दी है। साथ ही शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय से दूरी बनाने और बासी या अत्यधिक भारी भोजन से परहेज करने को कहा गया है।

कार्यस्थलों पर काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नियोक्ताओं को ठंडे पेयजल, ओआरएस और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था करने, छायादार स्थान उपलब्ध कराने और भारी काम



सुबह या शाम के समय कराने के निर्देश दिए गए हैं।

पशुपालकों से कहा गया है कि वे पशुओं को छाया में रखें और स्वच्छ पानी की पर्याप्त व्यवस्था करें। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच पशुओं से काम न लेने, शेड को ठंडा रखने और चारे में हरा चारा व मिनरल मिक्स शामिल करने की सलाह दी गई है।

यदि किसी व्यक्ति को चक्कर, कमजोरी, सिरदर्द या उल्टी जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तुरंत ठंडी जगह पर ले जाकर प्राथमिक उपचार दें। गंभीर स्थिति में तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें या आपातकालीन सेवाओं के लिए 108 या 112 नंबर पर संपर्क करें।

## मॉक अभ्यास में दिखी रेस्क्यू टीम की तत्परता,मजबूती एवं प्रशासन का समन्वय

### एयर रेड सायरन बजते ही सक्रिय हुआ सिस्टम, 8 घायलों ( मॉक ड्रिल) का सफल रेस्क्यू



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को आयोजित मॉक ड्रिल में रेस्क्यू दल की तत्परता एवं मजबूती देखने को मिली, जब जिला कण्ट्रोल रूम को गुरूवार को सुबह 9.40 बजे सूचना प्राप्त हुई कि एक दुश्मन द्वारा हवाई हमले से आरसीएम फेक्ट्री के ऑयल प्लांट में आगजनी की घटना हुई है। सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रशासन द्वारा सिविल डिफेन्स रेस्क्यू टीम, पुलिस विभाग, मेडिकल टीम, होमगार्ड एवं स्थानीय प्रशासन को तत्काल घटनास्थल पर रवाना किया गया। साथ ही प्लांट में एयर रेड सायरन सक्रिय किए गए और त्वरित चेतावनी प्रसारित की गई। सिविल डिफेन्स रेस्क्यू टीम द्वारा ऑयल प्लांट के अंदर अग्नि प्रभावित क्षेत्र से सभी श्रमिकों को सुरक्षित स्थान पर निकाला गया, इस हमलें में 8 श्रमिक घायल हुए जिनको मेडिकल टीम द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया एवं गंभीर घायलों को नजदीकी चिकित्सालय में एम्बूलेन्स के माध्यम से भिजवाया गया।

इस दौरान स्थानीय पुलिस एवं होमगार्ड द्वारा घटनास्थल पर भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा



व्यवस्था बनाए रखी गई। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी की गई। मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिभा देवतिया, एसडीएम हमीरगढ़, अग्निशमन अधिकारी, एएसआई पुलिस थाना हमीरगढ सहित समस्त प्रशासनिक जाब्ता मौजूद रहा। सभी 8 घायल व्यक्तियों को सुरक्षित बचा लिया गया, मौके पर किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सिविल डिफेन्स टीम की त्वरित कार्यवाही, पुलिस एवं मेडिकल टीम के साथ आरसीएम की ईआरटी, फायर सेफ्टी यूनिट के सहयोग एवं प्रशासनिक समन्वय के कारण यह मॉक अभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## ए.एन.टी.एफ की ताबड़तोड़ कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप

### एक ही दिन में दो बड़ी कार्रवाई, अफीम व डोडा पोस्त बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**


**पुनित चपलोत**

जिले में नशा तस्करी के खिलाफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ए.एन.टी.एफ) की लगातार कार्रवाई से तस्करों की कमर टूटती नजर आ रही है। ए.एन.टी.एफ के उप महानिरीक्षक अभिजीत सिंह ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के निर्देशन में अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में भीलवाड़ा टीम ने एक ही दिन में दो बड़ी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**पहली कार्रवाई में अफीम बरामद, कार जब्त**

ए.एन.टी.एफ को सूचना मिली कि महिंद्रा एक्सयूवी 3 एक्सओ कार (जीजे 27 ईएफ 1745) में अवैध अफीम ले जाई जा रही है। इस पर टीम ने आसींद पुलिस के साथ निम्बाहेड़ा बायपास पर नाकाबंदी की। संदिग्ध कार को रोककर तलाशी लेने पर 1.27 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने कार जब्त कर रतनलाल (30) व पारस नाथ (40) निवासी देवथड़ी, थाना करेड़ा को गिरफ्तार किया।







**दूसरी कार्रवाई में डोडा पोस्त जब्त**



दूसरी कार्रवाई में ए.एन.टी.एफ को सूचना मिली कि शाहपुरा क्षेत्र के रहड़ गांव में एक व्यक्ति के घर पर मादक पदार्थ छुपाकर रखा गया है। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ छापेमारी कर आरोपी रज्जाक मंसुरी (50) के घर से 1.249 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है। जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज भीलवाड़ा दौरे पर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुक्रवार को एक दिवसीय शहर के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे उदयपुर से प्रस्थान कर शाम 4:30 बजे भीलवाड़ा पहुंचेंगे। शहर पहुंचने के बाद वे अल्प समय के लिए यहां रुकेंगे और तत्पश्चात शाम 5 बजे अजमेर के लिए रवाना हो जाएंगे।



प्रशासन द्वारा उनके दौरे को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

# भैंस चोर गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

थाना पुलिस ने भैंस चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त किया है। पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश और चोरी गई भैंसों की बरामदगी के प्रयास में जुटी हुई है। पुलिस ने थानाधिकारी सुरेश चन्द्र के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की थी।

प्रकरण में फतेहपुरा निवासी रामजस पुत्र माधु गुर्जर ने रिपोर्ट दी थी कि उसकी 5 भैंसें अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। इस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने करीब 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और घटनास्थल की बीटीएस लेकर लगभग 5 हजार मोबाइल नंबरों की जांच की। संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ की गई, जिसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में नाहर खां (36) निवासी प्रतापपुरा और इरफान खां (28) निवासी शाहपुरा शामिल हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई पिकअप गाड़ी को भी जब्त कर लिया है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी सुरेश चन्द्र के साथ हैड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह, कांस्टेबल जोगेन्द्र सिंह और कांस्टेबल शाहीद की अहम भूमिका रही। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश और चोरी गई भैंसों की बरामदगी के लिए पूछताछ कर रही है तथा मामले में जांच जारी है।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी घोषित , सचिन बने अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ, जयपुर उप शाखा की ब्लॉक कार्यकारिणी का निर्वाचन जिला निर्वाचन अधिकारी रतिराम मीणा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान निर्वाचन पर्यवेक्षक मंजू कुमारी के पर्यवेक्षण में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

घोषित कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में मनोज तिवारी को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष पद पर सचिन चौबे, ब्लॉक उपाध्यक्ष के रूप में विनय किराड़, ब्लॉक मंत्री अशोक खाती तथा आईटी मंत्री के रूप में गोपाल लाल धाकड़ को चुना गया है। इसके अलावा ब्लॉक कोषाध्यक्ष पद पर करण सोनी, संयुक्त मंत्री के रूप में सुरेश शर्मा, संगठन मंत्री के रूप में राहुल निठारवाल, मीडिया प्रभारी सुनील खटिक को नियुक्त किया गया। जिला प्रतिनिधि के रूप में बंशीलाल कुम्हार तथा महिला प्रतिनिधि के रूप में संजना पहाड़िया को निर्वाचित किया गया।



बिजोलिया । नवीन ब्लॉक कार्यकारिणी

कार्यकारिणी गठन के बाद सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और ग्राम विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारियों का आंदोलन तेज, मांगों को लेकर सौंपे ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण ।**



**दिनेश पारीक।** पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदेशभर में मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंका। गुरुवार को ब्लॉक स्तर पर मुख्यमंत्री, पंचायतीराज मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री व मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपे गए।

प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वैष्णव ने बताया कि पदनाम परिवर्तन, कार्य विभाजन, अंतर जिला स्थानांतरण, नॉशनल परिलाभ व रिक्त पदों पर नियुक्ति सहित कई मांगों को लेकर लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ।

प्रदेश महामंत्री गिर्राज चौधरी ने कहा कि आंदोलन के पहले चरण में ब्लॉक स्तर पर ज्ञापन दिए गए हैं, इसके बाद जिला स्तर पर आंदोलन होगा। मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

कोटड़ी ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार पारीक ने चेतावनी दी कि समाधान नहीं होने पर कर्मचारी कार्य बहिष्कार जैसा कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। वहीं उपाध्यक्ष बाबूलाल सुवालका ने कहा कि विभाग की योजनाओं का पूरा संचालन कर्मचारी कर रहे हैं, फिर भी उन्हें अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। इस दौरान मुकेश मीणा, बाबू लाल सुवालका, राधेश्याम गुर्जर, महावीर सुथार, रिंकू जैन, माया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# फूलियाकलां में शिक्षा का स्वर्णिम अध्याय, 21 करोड़ का आधुनिक विद्यालय बनेगा ग्रामीण प्रतिभाओं का नया केंद्र

## आईआईटी, एनईईटी की निशुल्क ऑनलाइन कक्षाएं शुरू, अब गांव से ही खुलेगा सफलता का मार्ग

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

भीलवाड़ा जिले के फूलियाकलां में शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल सामने आई है। श्री कल्याण सेवा संस्थान एवं समाजसेवी सत्यनारायण लड्ढा के मार्गदर्शन में लगभग 21 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है, जो आने वाले समय में ग्रामीण विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

इस भव्य विद्यालय का हाल ही में बिट्स पिलानी के पूर्व छात्र रामपाल दरगड़ द्वारा दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि यहां आईआईटी, एनईईटी जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क ऑनलाइन कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी।



रामपाल दरगड़ ने जानकारी दी कि ये कक्षाएं प्रतिष्ठित आईआईटी आश्रम, वडोदरा के सहयोग से संचालित होंगी, जहां अनुभवी विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना है, ताकि उन्हें बड़े शहरों की महंगी कोचिंग पर निर्भर नहीं रहना पड़े और वे अपने गांव में रहकर ही प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें।

विद्यालय प्रशासन एवं श्री कल्याण सेवा संस्थान से जुड़े सदस्यों ने इस पहल को क्षेत्र के लिए एक 'मील का पत्थर' बताते हुए कहा कि यह विद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को नई उड़ान देने वाला मंच साबित होगा। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह विद्यालय विद्यार्थियों को तकनीकी, शैक्षणिक और नैतिक मूल्यों से भी समृद्ध करेगा।

स्थानीय लोगों में इस परियोजना को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। अभिभावकों का मानना है कि अब उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी, साथ ही गांव में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार होगा।

यह पहल न केवल फूलियाकलां बल्कि पूरे भीलवाड़ा जिले के लिए गर्व का विषय बन गई है। 21 करोड़ की इस आधुनिक शिक्षा परियोजना से निश्चित रूप से क्षेत्र में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठेगा और आने वाले वर्षों में यहां के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। सकारात्मक सोच और समाजसेवा की भावना से शुरू हुई यह पहल आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण बन रही है।

# ओबीसी विभाग में कमलेश गुर्जर बने मांडलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

जिला कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग में संगठन विस्तार के तहत गेणोली निवासी कमलेश गुर्जर को मांडलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गुर्जर पूर्व सरपंच प्रत्याशी एवं पूर्व छात्रसंघ महासचिव (बिहारिपुरा) रह चुके हैं।

नियुक्ति पर कमलेश गुर्जर ने जिम्मेदारी सौंपे जाने पर पूर्व मंत्री रामलाल जाट की अनुशंसा तथा कांग्रेस ओबीसी जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमावत व कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।



# बलाई समाज द्वारा बाबा रामदेव जी की मूर्ति व कलश स्थापना, तुलसी विवाह समारोह संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**





**(जसवंत पारीक)।** कस्बे में बलाई समाज द्वारा गुरुवार को बाबा रामदेव जी की मूर्ति एवं कलश स्थापना के साथ भव्य तुलसी विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के हजारों लोग शामिल हुए और पूरे दिन धार्मिक आयोजन चलते रहे। समाज के सदस्यों ने बताया कि प्रातः 7 बजे पंडित राजकुमार (जोजवा) के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बाबा रामदेव जी महाराज की मूर्ति व कलश स्थापना की गई। इसके पश्चात 10:15 बजे तुलसी विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ तथा 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में 9 कुंडीय महायज्ञ में 31 जोड़ों ने आहुतियां देकर पुण्य अर्जित किया। दोपहर 3:15 बजे महाप्रसाद वितरण किया गया।

इससे पूर्व बुधवार रात्रि को भजन संध्या एवं जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें कलाकारों ने बाबा रामदेव जी के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजन संध्या देर रात से सुबह तक चलती रही।

कार्यक्रम के दौरान आकोला निवासी बंशी हजारी बलाई ने बाबा रामदेव मंदिर के लिए अपनी पौने दो बीघा जमीन दान स्वरूप प्रदान की, जिसकी समाजजनों ने सराहना की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री रोशन मेघवंशी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह राणावत, आकोला ग्राम पंचायत प्रशासक शिवलाल जाट सहित समाज के संत-महात्मा व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शिव प्रकाश महाराज, रमेश दास, लादू दास महाराज, नाथूराम महाराज, लखन भारती महाराज, मंगल भारती महाराज, मोतीराम महाराज, गोपाल महाराज, सभापति गोपीराम महाराज, सत्संग अध्यक्ष छोटूराम महाराज, उपाध्यक्ष रामलाल महाराज, सचिन भैरूराम महाराज, भगवान महाराज, कोटवाल कैलाश सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# वन विभाग की कार्रवाई अवैध लकड़ी से भरे तीन ट्रैक्टर ट्राली जप्त



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र में वन विभाग ने अवैध वन संपदा की तस्करी के खिलाफ एक सटीक और योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया । वनपाल कमलेश कुमार रेगर ने बताया कि राजस्थान वन अधिनियम 1957 की 41 व 42? के तहत कार्रवाई करते हुए बुधवार मध्य रात्रि बाद नदराय गांव के पास लकड़ियां भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया, चालक ट्रैक्टर को रास्ते में ही छोड़कर भाग गया । वही दुसरी कार्रवाई भी मध्य रात्रि को नदराय क्षेत्र के मरड़ा की झोपड़ियां के पास की, यहां पर दो ट्रैक्टर ट्रॉली में अवैध लकड़ियां से भरी थी, जिसको चालक सड़क पर ही छोड़ गए । इस पर वन विभाग की टीम ने राजस्थान वन अधिनियम की 1957 की धारा 41 व 42 के तहत बिना टीपी के अवैध रुप से लकडी का परिवहन किया पाया गया । तीनों ट्रैक्टरों को डिटेन कर जावल वन चौकी पर लाया गया । जहां मामले दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया । पांच दिनों में वन विभाग की टीम ने दुसरी कार्रवाई की ।।

# परिंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित, 'जल ही जीवन है' का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।**

कस्बे में भारत विकास परिषद शाखा गुलाबपुरा द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परिंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थानीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा दो कमरों की नींव पूजन के अवसर पर संपन्न हुआ।

समारोह में परिषद के वरिष्ठ सदस्य रतनलाल लखारा ने 'जल ही जीवन है' विषय पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों के लिए जल व्यवस्था के महत्व को बताया। कार्यक्रम में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख भुवनेश कुमार ने परिषद के सेवा कार्यों की सराहना की।



इस अवसर पर जीएसएस अध्यक्ष गजराज चौधरी, एचजेडएल की एंडी मैडम, प्रशासक शायरी देवी जाट, पूर्व पंचायत समिति प्रतिनिधि मिश्रीलाल, पीएम श्री राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल लाल, उच्च प्राथमिक विद्यालय के संस्था प्रधान सत्येंद्र गर्ग, जसराज रेगर, विजय वैष्णव, परिषद सदस्य कालूराम भांभी, मंजू देवी लखारा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान कुल 31 परिंडे वितरित किए गए। परिषद द्वारा 'एक शाखा एक गांव' योजना के अंतर्गत हुरड़ा ग्राम को गोद लिया गया है।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ उप शाखा के चुनाव सम्पन्न, नई कार्यकारिणी का गठन



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

जहाजपुर में ग्राम विकास अधिकारी संघ (उप शाखा) के चुनाव शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी सुख लाल जाट के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें कई पदों पर निर्विरोध चयन हुआ। चुनाव प्रक्रिया के तहत राकेश कुमार चौधरी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक परिहार, ब्लॉक मंत्री के रूप में फूलसिंह मीना, ब्लॉक मंत्री (आईटी) शंकर गुर्जर, कोषाध्यक्ष सियाराम मीना, संयुक्त मंत्री पिंकी मीना, संगठन मंत्री हिमांशु हाड़ा, मीडिया प्रभारी जीतराम चौधरी एवं जिला प्रतिनिधि के रूप में सत्यनारायण शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर विकास अधिकारी सीताराम मीना भी उपस्थित रहे और उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने की बात कही।

नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने संघ के हितों की रक्षा, सदस्यों की समस्याओं के समाधान एवं विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



QUICK BITES

## महिला आरक्षण बिल पर भाजपा का कांग्रेस पर निशाना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 60 साल तक महिलाओं को गुमराह किया और अब मोदी सरकार के फैसले पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को भ्रामक बताते हुए कहा कि आरक्षण को जनगणना व परिसीमन से जोड़ना संवैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा है।

मेवाड़ा ने कहा कि ओबीसी महिलाओं के नाम पर कांग्रेस राजनीति कर रही है, जबकि अपने शासनकाल में उसने इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का महिला सशक्तिकरण केवल परिवारवाद तक सीमित रहा है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिला आरक्षण को कानून बनाकर लागू किया है, जबकि कांग्रेस इसे चुनावी मुद्दा बना रही है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भी विफल रहने का आरोप लगाया।

मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 27 अप्रैल को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला सड़क सुरक्षा समिति की अध्यक्षता में 27 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं सदस्य सचिव जिला सडक सुरक्षा समिति ने दी।

## नवगठित नगर पालिका बनेड़ा: एक साल बाद भी मूलभूत सुविधाएं अधूरी, जनता परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।




**(परमेश्वर)** बनेड़ा नगर पालिका के गठन को एक वर्ष पूर्ण होने के बावजूद कस्बे में अपेक्षित विकास और मूलभूत सुविधाओं में सुधार नजर नहीं आ रहा है। नागरिकों को जिस बदलाव की उम्मीद थी, वह अब तक धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते एक साल में कई बार ज्ञापन देकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। कस्बे के कई वार्ड आज भी अनियमित सफाई, कचरे के ढेर, जाम नालियां, बंद पड़ी रोड लाइट और पेयजल संकट जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। वहीं अतिक्रमण की बढ़ती समस्या ने आवागमन को भी प्रभावित कर रखा है।

नागरिकों में सबसे अधिक नाराजगी इस बात को लेकर है कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रभावी मंच नहीं है। चेयरमैन पद रिक्त होने और प्रशासनिक ढांचे की धीमी कार्यप्रणाली के कारण निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिससे आमजन में असंतोष बढ़ रहा है।

हालांकि अधिकारियों द्वारा प्रभावी प्रयास किए जाने की बात सामने आई है, लेकिन इनका असर जमीनी स्तर पर पर्याप्त रूप से दिखाई नहीं दे रहा है

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर पालिका में नियमित और पारदर्शी जनसुनवाई की व्यवस्था शुरू की जाए, वार्ड स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति हो तथा सफाई, पेयजल और रोशनी जैसी मूलभूत सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुधारा जाए।

# परिण्डों पर सजेगी कला, पंखों को मिलेगा जीवन का संबल

**भीलवाड़ा में पहली बार कला और जीव दया का अनूठा संगम, 26 अप्रैल को पेंटिंग प्रतियोगिता**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर में पहली बार कला और जीव दया का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। दीपिका आर्ट अकादमी, नवदीप एवं इन्टेक के संयुक्त तत्वावधान में 26 अप्रैल को शास्त्रीनगर स्थित दीपिका आर्ट गैलरी में परिण्डों पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कलाकारों को रचनात्मक मंच देने के साथ-साथ समाज में पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का संदेश देगा।

**बच्चों में खासा उत्साह, अब तक 80 प्रविष्टियां**



प्रतियोगिता को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। अब तक करीब 80 बच्चों ने अपनी प्रविष्टि दर्ज करवाई है।

प्रतिभागी परिण्डों को अपनी कल्पना और रंगों से सजाकर उन्हें आकर्षक कलाकृतियों में बदल रहे हैं।

**निर्धारित समय में होगा प्रदर्शन**

आयोजक दीपिका पाराशर ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए परिण्डों का वितरण 15 से 21 अप्रैल तक किया गया।

सभी प्रतिभागियों द्वारा तैयार परिण्डों की कलाकृतियों का प्रदर्शन 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक दीपिका आर्ट अकादमी में किया जाएगा।

**कला के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

इस आयोजन का उद्देश्य केवल कला प्रदर्शन नहीं, बल्कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए जल संरक्षण और उनके जीवन बचाने के प्रति जागरूकता फैलाना भी है।

आयोजकों का मानना है कि 'एक परिण्डा - एक जीवन' का संदेश कला के माध्यम से अधिक प्रभावी ढंग से समाज तक पहुंचाया जा सकता है।

**शहरवासियों से भागीदारी की अपील**

इन्टेक के बाबूलाल जाजू ने बताया कि कलाकारों, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों में इस प्रतियोगिता को लेकर उत्साह है।

आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इसमें भाग लेकर इस रचनात्मक एवं सामाजिक पहल को सफल बनाने का आह्वान किया है।

# भैराणा धाम को बचाने की मांग: रीको भूमि आवंटन निरस्त करने हेतु सौंपा ज्ञापन






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

संत समाज और श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र माने जाने वाले भैराणा धाम को संभावित नुकसान से बचाने के लिए अखिल भारतीय श्री दादू सेवक समाज ने उपखंड अधिकारी मांडल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर रीको को किए गए भूमि आवंटन को निरस्त करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि संत शिरोमणि श्री दादूदयाल महाराज की पावन समाधि स्थली श्री भैराणा धाम (दादू खोल) दादू पंथ का 'हरिद्वार' मानी जाती है। यह स्थल केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि प्रकृति, जीव-जंतुओं और पर्यावरण संरक्षण का भी महत्वपूर्ण उदाहरण है। लगभग 500 वर्ष पूर्व संत दादूदयाल जी द्वारा दिए गए मानवता, अहिंसा और प्रकृति प्रेम के संदेश आज भी लाखों श्रद्धालुओं को प्रेरित कर रहे हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि , वर्तमान में सरकार द्वारा रीको को भूमि आवंटन के चलते क्षेत्र में खनन एवं औद्योगिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, जिससे इस पर्वतीय क्षेत्र की भौगोलिक संरचना को नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही यहां बड़ी संख्या में निवास करने वाले राष्ट्रीय पक्षी मोर, वन्य जीव और पर्यावरणीय संतुलन पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

इस स्थिति को देखते हुए संत समाज एवं श्रद्धालुओं द्वारा भैराणा धाम को बचाने के लिए शांतिपूर्ण जन आंदोलन शुरू किया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रीको भूमि आवंटन को निरस्त किया जाए, ताकि धार्मिक आस्था और पर्यावरण दोनों की रक्षा हो सके तथा आमजन में सरकार के प्रति आक्रोश की स्थिति उत्पन्न न हो।

# स्कूलों में पुलिस की पहल: नए कानून और साइबर सुरक्षा पर जागरूकता क्लास

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार शक्करगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नए आपराधिक कानूनों और साइबर सुरक्षा के प्रति सजग बनाना रहा।

कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को नए कानूनों की जानकारी सरल और सहज भाषा में दी। उन्होंने कानूनों के



प्रमुख प्रावधानों को समझाते हुए बताया कि इनका उद्देश्य समाज में सुरक्षा और न्याय व्यवस्था को मजबूत करना है। साथ ही, बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचने के महत्वपूर्ण तरीके भी बताए गए। उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने और फर्जी कॉल से सतर्क रहने की विशेष सलाह दी। इस दौरान आसूचना अधिकारी जगदीश मीणा भी मौजूद रहे और उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।इस पहल से विद्यार्थियों में कानून और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है, जिससे वे भविष्य में ठगी और अपराधों से खुद को सुरक्षित रख सकेंगे।

# महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के पद के 10 वर्ष पूर्ण, भव्य धार्मिक एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित

**गौसेवा को समर्पित रहा आयोजन, पानी की टंकियों का वितरण व गौमाता को तरबूज भोग**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा

**मूलचन्द पेसवानी**

परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के महामंडलेश्वर पद पर 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरि शेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक एवं सेवा-प्रधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दशक पूर्ति के इस पावन अवसर को आश्रम द्वारा पूर्णतः गौ-सेवा को समर्पित किया गया।

कार्यक्रम में भीलवाड़ा के सांसद दामोदर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गौसेवा को बढ़ावा देते हुए निराश्रित गौवंश के लिए पानी की टंकियों का वितरण किया गया तथा गौमाता को तरबूज का भोग अर्पित किया गया। लघु उद्योग भारती राजस्थान के प्रदेश संयुक्त महामंत्री रवींद्र जाजू ने अपने संबोधन में स्वामी हंसराम उदासीन के 10 वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि हरि शेवा उदासीन आश्रम न केवल धार्मिक चेतना का केंद्र है, बल्कि समाज सेवा और जीव दया के क्षेत्र में भी अनुकरणीय कार्य कर रहा है।

**भीषण गर्मी को देखते हुए सेवा पहल**

आगामी गर्मी के मद्देनज़र निराश्रित गौवंश के लिए पानी की टंकियों का वितरण किया गया, जिससे बेजुबान पशुओं को पेयजल के लिए भटकना न पड़े।

**गौमाता को तरबूज भोग, भावुक बना दृश्य**

कार्यक्रम के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी, अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने गौमाता की पूजा-अर्चना कर अपने हाथों से तरबूज का भोग लगाया। भीषण गर्मी में गौसेवा का यह दृश्य अत्यंत भावुक एवं प्रेरणादायक रहा।

**सेवा ही पद की सार्थकता: स्वामी हंसराम**

इस अवसर पर स्वामी हंसराम उदासीन ने भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि 'पद की वास्तविक सार्थकता सेवा में निहित है। बीते 10 वर्षों में सनातन धर्म और जीव मात्र की सेवा का जो संकल्प लिया गया, वह निरंतर आगे भी जारी



रहेगा। ' उल्लेखनीय है कि 23 अप्रैल 2016 को सिंहस्थ कुंभ, उज्जैन में पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन द्वारा स्वामी हंसराम जी को महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की गई थी। पिछले एक दशक में उनके मार्गदर्शन में धर्म, संस्कार एवं सेवा की भावना को समाज में निरंतर सुदृढ़ता मिली है। कार्यक्रम के दौरान संत समाज एवं गणमान्य अतिथियों ने स्वामी जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा, सद्भाव एवं आध्यात्मिक चेतना को सशक्त करना रहा, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में संत राजाराम, संत गोविन्द राम, ब्रह्मचारी मिहिर सहित अनेक गणमान्य नागरिक, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने स्वामी जी का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया और उनके सफल 10 वर्षीय कार्यकाल पर बधाई प्रेषित की

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भक्ति और उल्लास के साथ हुई प्रथम पूज्य गणेश जी की विदाई, निंबार्क आश्रम में हुआ भामाशाहों का सम्मान

## गौ सम्मान आव्हान अभियान से जुडे - कोठारी





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

निंबार्क आश्रम में प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की विदाई समारोह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महंत श्री मोहन शरण जी शास्त्री के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गणेश जी की भव्य शोभायात्रा निंबार्क आश्रम से प्रारंभ होकर गांधी नगर स्थित गणेश मंदिर तक पहुंची, जहां विधि-विधान से भगवान की विदाई की गई। पूरे मार्ग में भक्तों के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

**सम्मान समारोह का आयोजन**

विदाई से पूर्व सकल हिन्दू सामूहिक विवाह की सफलता पर भामाशाहों, कार्यकर्ताओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महंत श्री मोहन शरण जी शास्त्री ने सभी को उपरना पहनाकर सम्मानित किया।

**विधायक कोठारी ने दी शुभकामनाएं**

इस अवसर पर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने 'श्री निंबार्क परमार्थिक सेवा ट्रस्ट' द्वारा आयोजित प्रथम सकल हिन्दू समाज सामूहिक विवाह महोत्सव की सफलता पर बधाई देते हुए महंत श्री मोहन शरण शास्त्री का आभार व्यक्त कर नव विवाहित जोड़ों के सुखद दांपत्य जीवन की मंगलकामनाएं की।

साथ ही उन्होंने 'गौ सम्मान आव्हान अभियान' से जुड़ने का आह्वान किया। महंत शास्त्री ने विधायक कोठारी का अभिनंदन किया

**ऐतिहासिक रहा सामूहिक विवाह महोत्सव**

राजस्थान के इस प्रथम सकल हिन्दू समाज सामूहिक विवाह महोत्सव में 31 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जिसमें मेवाड़ क्षेत्र के 100 से अधिक संत, महंत एवं महामंडलेश्वर ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

**भामाशाहों का महत्वपूर्ण योगदान**

विवाह आयोजन में अनेक भामाशाहों एवं समाजसेवियों ने सहयोग प्रदान किया, जिनमें प्रमुख रूप से राकेश शर्मा-दीपिका शर्मा, देवकरण खण्डेलवाल, गौरव आचार्य, बाबूलाल उपाध्याय, प्रकाश चंद्र छाबड़ा, संजय बाबेल परिवार,दिनेश -नीलम शर्मा, लक्षिता शर्मा ,अंश अरोड़ा, स्नेहा पवन शर्मा ,राधेश्याम सोमानी, प्रकाश सोनी, कमलेश पालीवाल, रामेश्वर डाड, मधुबाला महाजन, मित्तल परिवार, ओमप्रकाश सैन, टेक्सटाइल मित्र मंडल, सुमित्रा अग्रवाल, केवल बोहरा, हरकलाल विश्नोई, रतनलाल नामदेव , मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ही सनातन सेवा ट्रस्ट, श्री निम्बार्क सेवा समिति, युवा ब्रह्म शक्ति मेवाड़, अरोड़ा खत्री समाज समिति भीलवाड़ा, गांधीनगर वसन्त विहार, श्री निम्बार्क सेवा समिति महिला मण्डल, माहेश्वरी महिला मण्डल गांधी नगर वसन्त विहार,

दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन, सुभाषनगर माहेश्वरी महिला मण्डल ,श्री महेश सेव फाउण्डेशन भीलवाड़ा, आशा ग्रुप भीलवाड़ा, भीलवाड़ा युनाईटेड राउण्ड टेबल,भारत विकास परिषद् शाखा वीर शिवाजी,श्री गुर्जर गौड़ समाज सेवा समिति, बापू नगर भीलवाड़ा,फीड भीलवाड़ा ,ऋष्य श्रृंग संस्थान, महर्षि गौतम जयन्ति आयोजन समिति, महर्षि गौतम ब्रह्म सेवा समिति तिलकनगर, मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला मण्डल का भी सम्मान किया गया

निंबार्क ट्रस्ट के राधेश्याम सोमानी, कमलेश पालीवाल, कैलाश अरोड़ा, गोपीदादा, रामेश्वर डाड ,ओम प्रकाश सेन ठेकेदार , प्रहलाद सोनी, रणजीत सिंह कारोही, पंडित अशोक व्यास,

के.जी. जांगिड़, जितेन्द्र वैष्णव, दिनेश चन्द्र शर्मा, गोपाल नारायण नागर, जगदीश राठी, रवि शर्मा, सुनील सोमानी, मनोज सोनी,

प्रकाश आमेटा, बद्रीनारायण अरोड़ा, शिवकुमार खेमका,आर के अरोड़ा, राकेश शर्मा, कुलदीप व्यास , दीपिका शर्मा ,कमल शर्मा, भेरू लाल जोशी ,गोपाल सुखवाल, आशीष जोशी,

राजवीर सिंह, सीमा सोनी एवं नीलम शर्मा के नेतृत्व में महिला ळकार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आयोजन भक्ति, सामाजिक एकता और सेवा का अद्भुत उदाहरण बनकर उभरा, जिसने भीलवाड़ा जिले में एक नई मिसाल स्थापित की।समारोह के अंत में जिलाध्यक्ष कैलाश अरोड़ा व गोपी दादा ने आयोजन कि सफलता के लिए सभी भामाशाहो, उपहारदाताओ, कार्यकर्ताओ, संस्थाओ व मातृ शक्ति का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। समारोह का संचालन प्रसिद्ध उद्घोषक हंसा व्यास ने किया।

# कोटड़ी का सपूत बना राष्ट्र का प्रहरी, सहायक कमांडेंट अभिषेक शर्मा का स्वागत समारोह 25 को

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेंद्र बबलू पोखरना**

देशभक्ति, समर्पण और गर्व की अद्भुत अनुभूति से सराबोर भीलवाड़ा जिले का कोटड़ी कस्बा 25 अप्रेल शनिवार को एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। कोटड़ी निवासी वरिष्ठ पत्रकार श्यामसुंदर शर्मा के सुपुत्र अभिषेक शर्मा ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरसीएफ) में सहायक कमांडेंट के रूप में दीक्षा प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ाया है। उनके प्रथम गृह आगमन पर 25 अप्रैल शनिवार को प्रातः 8 बजे खोलपुरा पेट्रोल पंप, कोटड़ी पर भव्य एवं विराट स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसे लेकर क्षेत्रवासियों में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है।

यह केवल एक स्वागत समारोह नहीं, बल्कि देशसेवा के लिए समर्पित एक युवा के सम्मान में उमड़ती जनभावनाओं का महासंगम होगा। अभिषेक शर्मा ने 13 माह के कठिन और अनुशासित प्रशिक्षण को सफलता पूर्वक पूर्ण कर देश की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है। उनका यह सफर संघर्ष, अनुशासन और अटूट राष्ट्रभक्ति की मिसाल है, जो युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुका है।

श्यामसुंदर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिषेक के सहायक कमांडेंट बनने के बाद उनका यह पहला गृह आगमन है, जिसे ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरे कोटड़ी क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं। गांव-गांव से लोग इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बनने के लिए उत्साहित हैं। विशेष रूप से युवाओं में देशसेवा के प्रति नई ऊर्जा और जोश का संचार हुआ है।

स्वागत समारोह के पश्चात अभिषेक शर्मा का चारभुजा नाथ मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करने का कार्यक्रम भी निर्धारित है। वे अपने जीवन की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को ईश्वर को समर्पित करते हुए चारभुजानाथ भगवान को प्रथम सैल्यूट देंगे। यह क्षण न केवल आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि यह संदेश भी देगा कि देशसेवा का मार्ग संस्कारों और श्रद्धा से होकर गुजरता है।

हाल ही में आयोजित दीक्षा परेड में अभिषेक शर्मा ने भाग लेकर अपने परिवार और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर उनके माता-पिता सहित पूरा परिवार उपस्थित रहा और इस उपलब्धि को साझा किया। अभिषेक का चयन छत्तीसगढ़ के रायपुर में पदस्थापन के लिए हुआ है, जहां वे अपनी सेवाएं देते हुए राष्ट्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

अभिषेक शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान मिली कठिनाइयों ने उन्हें और अधिक मजबूत बनाया है। दीक्षा परेड में शामिल होना उनके लिए जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण रहा। उन्होंने कहा कि अब उनका एकमात्र लक्ष्य देश की सेवा करना है और वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जज्बे के साथ करेंगे।

कोटड़ी क्षेत्र के लिए यह क्षण इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि अभिषेक शर्मा इस पद पर पहुंचने वाले पहले युवा हैं। उनकी इस उपलब्धि ने क्षेत्र के युवाओं के मन में नई उम्मीद और प्रेरणा का




संचार किया है। हर कोई इस सपूत के स्वागत के लिए आतुर है, जिसने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।

समारोह को लेकर गांव में देशभक्ति के रंग साफ झलक रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह केवल अभिषेक का नहीं, बल्कि पूरे कोटड़ी और भीलवाड़ा जिले का गौरव है। अभिषेक शर्मा की यह सफलता इस बात का प्रतीक है कि यदि संकल्प मजबूत हो और लक्ष्य स्पष्ट, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उनका यह सफर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा और देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करेगा।

# महुआ मे भामाशाह का सम्मान, सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को मिला बल

## प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड भेंट कर, साफा बंधवाकर सम्मानित किया गया

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

रावणा राजपूत समाज के आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों के तहत समाज के भामाशाहों का सम्मान किया जा रहा है। इसी क्रम में समाज के भामाशाह भगवती लाल वर्मा का मेवाड़ी परंपरा अनुसार स्वागत-अभिनंदन किया गया।

रावणा राजपूत सेवा संस्थान बूंदी के जिला अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी ने बताया कि जोगणियां माताजी में



आयोजित रावणा राजपूत समाज के ग्यारहवें सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग एवं समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने पर भगवती लाल वर्मा (महुआ) को गुरुवार को महुआ कस्बे में प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड भेंट कर, साफा बंधवाकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने में भामाशाहों की अहम भूमिका रहती है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिलता है और समाज में एकता को बढ़ावा मिलता है।

इस अवसर पर रावणा राजपूत सेवा संस्थान बूंदी, महुआ, श्यामपुरा सहित खेराड़ क्षेत्र के पदाधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य एवं समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज के उत्थान एवं आगामी सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर भी चर्चा की गई।

QUICK BITES

# कोटड़ी में अवैध जल कनेक्शनों पर कार्रवाई, 11 कनेक्शन काटे

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।



चम्बल पेयजल परियोजना के तहत कोटड़ी ब्लॉक में अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफ विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए 11 अनाधिकृत कनेक्शनों को विच्छेद किया। ये कनेक्शन 200 एमएम HDPE पाइपलाइन से अवैध रूप से लिए गए थे।

अधिशाषी अभियंता मनीष भट्ट ने बताया कि यह कार्रवाई सहायक अभियंता डिम्पल मीणा द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर व संवेदक फर्म की उपस्थिति में विशेष अभियान के तहत की गई। विभाग ने आमजन से अपील की है कि पाइपलाइन से अवैध कनेक्शन नहीं लें। ऐसा करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा।

# गौ सेवा का प्रेरणादायी आयोजन, गुड, लापसी एवं हरे चारे का वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।






सेवा और संवेदना का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हरनी महादेव रोड स्थित श्री कृष्ण गौशाला में गौ माता की सेवा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह आयोजन राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद की महिला विंग जिलाध्यक्ष श्रीमती नेहा चोरड़िया एवं रीना सिसोदिया के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें भाग लेकर गौ सेवा का पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी ललित आंचलिया की और से गायों के लिए 10 स्टैंड की व्यवस्था भी की गई। गौशाला में गौ माताओं को गुड लापसी का पौष्टिक आहार खिलाया गया। इस सेवा कार्य में उपस्थित सभी जनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गौ सेवा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। आयोजन का वातावरण भक्तिमय एवं सेवा भावना से ओत-प्रोत रहा।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब, मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'गौ सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। गौ माता की सेवा करने से न केवल आध्यात्मिक शांति मिलती है, बल्कि समाज में सेवा और करुणा की भावना भी मजबूत होती है। हमें ऐसे कार्यों में निरंतर भाग लेकर आने वाली पीढ़ी को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। '

मनीष बम्ब ने कहा कि सामूहिक रूप से किए गए ऐसे सेवा कार्य समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं, और हर व्यक्ति को अपने जीवन में समय-समय पर गौ सेवा जैसे पुण्य कार्य जरूर करने चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने गौशाला के विकास एवं गौ सेवा को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने गौशाला के विकास एवं गौ सेवा को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सुरेश बंब, जिला उपाध्यक्ष ललित बोहरा, सीए नवजोत सिंह, सचिव कमल वैशनानी, संगठन मंत्री हरीश काकानी, अरुणा पोखरना, रेखा बोहरा सहित कई सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से सेवा कार्य में योगदान दिया।

# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बरुंदनी में गरिमामय समारोह, CBN अधिकारी ने दिया प्रेरणादायी संदेश

## अनुशासन और राष्ट्र सेवा का दिया संदेश, औचक निरीक्षण में शिक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास




महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बरुंदनी में आज एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN), भीलवाड़ा के जिला अफीम अधिकारी सुशील कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय परिसर में आगमन पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्मा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्र सेवा के महत्व के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। उनके प्रेरणादायी उद्बोधन से समस्त विद्यालय परिवार में उत्साह और गर्व का माहौल रहा।

इस अवसर पर विद्यालय भामाशाह, सेवानिवृत्त शिक्षक एवं पत्रकार प्रभु लाल सोमाणी ने भी विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा एवं संस्कारों के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इसी दौरान विद्यालय में औचक निरीक्षण के लिए अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बनवारी लाल जीनगर भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत गतिविधियों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहीर, संस्था प्रधान चन्द्र प्रकाश वैष्णव, प्रियंका पाराशर सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। अंत में विद्यालय प्रशासन द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।